# घटयात्रा के साथ महोत्सव शुरू

## हम सब पत्थर के समान हैं, हमारे अंदर भी भगवान विराजमान : मुनिश्री

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 27 नवम्बर. गुणायतन, शंकासमाधान विद्या प्रमाण गुरुकुलम् के प्रणेता मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में पंचकल्याणक महामहोत्सव की शुरुआत घटयात्रा एवं ध्वजारोहण के साथ हुई.**



गंजमंदिर से शुरू हुई घटयात्रा में इंद्राणिया एक ही ड्रेस कोड में सिर पर कलश लिए हुए चल रही थी वहीं रथयात्रा में पंचकल्याणक महोत्सव के प्रमुख पात्र अपनी पटरानियों के साथ रथ पर बैठे हुये थे. पांच चांदी की पालकियों में श्रीजी विराजमान थे जिन्हें मुख्य पात्र अपने कांधे पर उठाकर चल रहे थे. घटयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल अयोध्या नगरी मधुबन गार्डन के पहुंची जहां ध्वजारोहण के बाद मंडप उद्घाटन किया गया. श्रीजी का अभिषेक एवं मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज के मुखारविंद से शांतिधारा हुई. मुनिश्री ने कहा कि शिल्पकार ने पत्थर को तराशकर मूर्ति का रूप प्रदान तो कर दिया लेकिन उस मूर्ति को भगवान बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है, इस प्रक्रिया का नाम ही पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव है जिसमें गर्भ, जन्म, तप, कैवल्यज्ञान तथा मोक्ष तक की यात्रा एक एक करके आपके सामने आऐगी और आप लोग देखेंगे कि किस प्रकार पाषाण से बनी मूर्ती भगवान बन गई. मुनिश्री ने कहा कि हम सब पत्थर के समान है हमारे अंदर भी भगवान विराजमान है, आवश्यकता है उसे उदघाटित करने की. उन्होंने कहा कि पंचकल्याणक की इस साधना यात्रा में आप देखेंगे कि कैसे पतित से पावन बना जाता है, कैसे पामर से परमेश्वर बना जाता है. कैसे कंकर से शंकर बना जाता है तथा कैसे नर से नारायण बना जाता है. मुनिश्री ने कहा हमारी साधना पतित से पावन और हमारा ध्येय नर से नारायण बनने का है. यह जानकारी प्रवक्ता अविनाश जैन द्वारा दी गई.

## निर्माणाधीन मकान से 36 पेटी अवैध शराब जब्त

**सागर.** जिले बंडा थाना अंतर्गत पठार मोहल्ला स्थित आरोपी टिंकू उर्फ राजबहादुर लोधी के निर्माणाधीन मकान पर दबिश दी. जहां तलघर में भारी मात्रा में अवैध शराब छिपाकर रखी मिली. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मौके पर 36 पेटी गोवा व्हिस्की, कुल 326 लीटर, जिसकी कीमत लगभग 2,30,400/- बताई जा रही है, को विधिवत जप्त करके आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है. आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है.

कार्रवाई में निरीक्षक अंजली उदैनिया, उप निरीक्षक आदिल खान, प्रधान आरक्षक भोलानाथ यादव, रमेश रैकवार, आरक्षक दिनेश कुर्मी, सतीष राज, प्रहलाद, मनीष यादव, पंकज तथा महिला आरक्षक वर्षा सिंह का विशेष योगदान रहा.

# महंत ने जहर खाकर जान दी, ग्रामवासियों ने शव रख कर एनएच पर लगाया जाम

नवभारत न्यूज

**बंडा 27 नवम्बर. सागर-शाहगढ़ मार्ग पर छानबीला थाना अंतर्गत रूरावन जानकी रमण मंदिर के महंत ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली. शव के पोस्टमार्टम के बाद ग्रामवासियों ने एनएच पर जाम लगा दिया गया जो समाचार लिखे जाने तक जारी रहा.**



थाना छानबीला पुलिस ने बताया कि सुसाइड नोट प्राप्त हुआ है, जो अभी उजागर नहीं किया गया. सुसाइड नोट से महंत ने आरोप लगाया है कि कमेटी के सदस्य मुझे ब्लेकमेल कर मोटी रकम की मांग कर रहे थे जिस कारण उन्होंने यह कदम उठाया. ग्राम वासियों की मांग है कि ब्लेकमेल करने वाले आरोपियों पर मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए.प्रशासन की समझाइश पर जाम खोल दिया गया.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रूरावन में श्री जानकी रमन मंदिर में महंत ने सल्फास की गोलियां खाकर आत्महत्या कर ली. पोस्टमार्टम के बाद ग्राम वासियों द्वारा गांव में ही फोरलाइन पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार महंत रूरावन के अलावा भीमकुंड जिला छतरपुर थाना बजाना आश्रम में भी महंत के रूप में आसीन थे वहां पर कई वर्षों से कई पदों पर रह चुके हैं, पिछले दिनों पदों को लेकर वहां के सदस्य एवं महंत में अनबन चल रही थी जिस कारण किसी प्रकार के वीडियो को लेकर कमेटी के सदस्य एवं शिष्य मंडल महंत को ब्लेकमेल कर रहे थे जिस कारण महंत ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया.

## एक नजर में



### तारण जयंती पर निकाली पालकी यात्रा

**बीना.** तारण जयंती परतारण तरण पंथ के श्रद्धालुओं ने विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया. महोत्सव की शुरुआत झंडावंदन के साथ हुई, इसके बाद वृहद मंदिर विधि संपन्न कराई गई. शोभायात्रा सर्वोदय चौराहा,लिंक रोड और कच्चा रोड सहित शहर के कई मुख्य मार्गों से गुजरी. खुरई रोड स्थित तारण भवन में पात्र भावना का आयोजन किया गया.




### मोतियाबिंद के 51 रोगी चित्रकूट रवाना

**गौरझामर.** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट का मासिक नेत्र परीक्षण शिविर में 113 नेत्र रोगो से पीड़ित लोगो की आंखो की जांच की गई. 51 ऐसे चयनित नेत्र रोगी जो आंखो के रोगों से ग्रसित थे उन्हे ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा गया. शिविर में डा. कुलदीप यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मोती गौड़, इंद्रराज सिंह, वीरेंद्र आदि का सहयोग रहा.



### स्केटिंग खिलाड़ियों को जर्सी भेंट

**रहली.** श्री देव सीता राम न्यास स्केट एसोसियेशन के सहयोग से प्रशिक्षक रमेश रैकवार बच्चों को स्केटिंग का हुनर सिखाते है एवं नगर के बच्चों को इस विधा में उचित मंचों तक भी पहुँचाने का काम करते है. नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने इन होनहार स्केटर बच्चों को जर्सी भेंट की है.



### वी क्लब की मासिक बैठक में शपथ दिलाई

**सागर.** वी क्लब सागर प्रगति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया. इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने डॉ. हरिसिंह गौर जयंती पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए. बैठक के दौरान क्लब के सदस्यों द्वारा यह शपथ ली गई कि जिस प्रकार उन्होंने अब तक आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की पढ़ाई के लिए अपना योगदान दिया है, उसी प्रकार आगे भी क्लब के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को पढ़ने, आगे बढ़ने में सहयोग प्रदान किया जाएगा. बैठक में क्लब संस्थापिका विनीता केसरवानी, क्षेत्रीय समन्वयक संध्या गुप्ता, क्लब अध्यक्ष शशि साहू, क्लब सचिव कंचन गुप्ता, क्लब कोषाध्यक्ष उमाकांती साहू, अलका, रोहिणी साहू, रोशनी गुप्ता,आरती राठौर, मनीषा केसरवानी,, सुनीला केसरवानी, अनुराधा, अमिता आदि उपस्थित रहीं.

### प्रदर्शन के आधार पर दल में स्थान बनाया




**सागर.** नेशनल अंडर 19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता हरियाणा में आयोजित की गई. जिसमें खेल परिसर के खिलाड़ियों का चयन मप्र के दल में किया गया. इससे पूर्व इन खिलाड़ियों ने स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रदर्शन किया था इसी आधार पर चयन मप्र एथलेटिक्स दल में किया गया. जिनमें मृदुल नामदेव, विवेक कुर्मी, खुशाल सिंह ठाकुर यह तीनों खिलाड़ी प्रशिक्षक मंगल सिंह यादव के मार्गदर्शन में नियमित तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं.

# मित्रता हो तो कृष्ण-सुदामा जैसी

नवभारत न्यूज

**सागर 27 नवम्बर. मकरोनिया के नरवानी रोड पुराना पानी में श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ.**

समापन पर कथा व्यास गोपाल कृष्ण शास्त्री श्री धाम वृन्दावन ने भगवान की लीलाओं सहित उनके विवाहों का वर्णन किया. व्यास जी ने बताया की पत्नी सुशीला के बार-बार है,हठ करने पर सुदामा जी भगवान कृष्ण से मिलने द्वारका पुरी पहुंचे जब भगवान को सुदामा के आने की खबर मिली तो भगवान सुदामा जी से मिलने भाव विभोर होकर दौड़ पड़े. श्री कृष्ण



ने सुदामा जी को अपने महल में लाकर उनका आदर सत्कार किया और उनकी दशा को देखकर भगवान ने अश्रु जल से उनके चरण पखारे. इस दौरान चैन सिंह यादव, आकाश यादव, जयदीप तिवारी, तेजेंद्र सिंह, निशांत गौतम, आरती यादव, दयाराम पटेल, जगदीश पटेल मौजूद रहे.

# महिला आश्रम में नवनिर्मित कक्ष लोकार्पित

नवभारत न्यूज

**सागर 27 नवम्बर. बरियाघाट वार्डस्थित जैन समाज के प्रकल्प दिगंबर जैन महिला आश्रम में जन भागीदारी से निर्मित 2 करोड़ रुपए की लागत वाले 28 नव-निर्मित कक्षों का लोकार्पण पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ. लोकार्पण पूर्व मंत्री जयंत मलैया, विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा किया गया.**

नव विकसित कक्षों में 24 कक्ष छात्रावास हेतु तथा 4 कक्ष शिक्षण कक्षाओं के संचालन हेतु निर्धारित किए गए हैं.



नागपुर के दानदाता डॉ भागचंद्र जैन भास्कर एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पलता जैन द्वारा 50 लाख रुपए तथा मोजीलाल जैन नागपुर द्वारा 10 लाख रुपए की दानराशि प्रदान की गई. इस उदार योगदान के लिए उन्हें कार्यक्रम में सम्मानित किया गया.

इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, संतोष जैन घड़ी, कैलाश सिंघई, देवेंद्र लुहारी, अशोक फुसकेले, अशोक शाह, अजीत मलैया, मुकेश जैन ढाना, देवेंद्र जैना, डॉ. मनीष जैन, जिनेंद्र जैन, संजीव दिवाकर, सुभाष सराफ, जय कुमार जैन, नरेंद्र सूत, नूतन नाहर, श्रीमती दीप्ति चंदेरिया आदि मौजूद थे.

## परीक्षा फार्म भरने का विशेष अवसर 30 तक

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में संचालित विभागीय यूजी-पीजी पाठ्यक्रमों की एंड सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म भरने हेतु विशेष अवसर प्रदान करते हुए समय सारिणी जारी की गई है. छात्रों को विशेष और अंतिम अवसर प्रदान करते हुए विलम्ब शुल्क के साथ 28- 29 एवं 30 नवम्बर तक परीक्षा फॉर्म भरने हेतु निर्देशित किया गया है. विभिन्न सेमस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थी संबंधित पोर्टल पर अपना परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं. विस्तृत सूचना वेबसाईट पर उपलब्ध कराई गई है. दिनांक 01 दिसंबर से प्रवेश पत्र डाऊनलोड किये जा सकेंगे.

# क्षेत्र के विकास को ऊंचाइयों तक ले जाएंगे

नवभारत न्यूज

**सागर 27 नवम्बर. सुरखी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की कमी नहीं है. आज विधानसभा क्षेत्र के गांव शहरों जैंसे नजर आने लगे हर गांव सड़कों का जाल है, स्वास्थ्य शिक्षा से यह गांव अपनी प्रगति की नई कहानी लिख रहे हैं, सुरखी मेरा विधानसभा क्षेत्र नहीं, मेरा परिवार भी है.**

यह बात खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने ग्राम सुमरेड़ी, गंभीरियाहाट, बरोदियावल्लभ एवं बहरोल में करोड़ो के विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण के अवसर पर कही.



मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य चल रहे हैं जो क्षेत्र के विकास को नई उचाईयों तक ले जायेगें, मैंने जो भी वायदे किये वह सब पूरे हो रहे हैं. मंत्री श्री राजपूत ने गंभीरहाट में मंगल भवन, नाली निर्माण, पथरिया में सीसी रोड़, सुमरेड़ी में पंचायत भवन, चबूतरा निर्माण, बरोदियावल्लभ में मंगलभवन, सामुदायिक भवन, पंचायत भवन की बांउड्री, सीमेंट कंक्रीट मार्ग, बहरोल में मंगल भवन, सीसी रोड, चबूतरा एवं शेड निर्माण, शबरी माता मंदिर सीसी रोड सहित करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया. ग्राम सुमरेड़ी में नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने कार्यक्रम को संबोधित किया एवं विकास कार्यों की जानकारी दी.

## चंपा छठ मेला शुरू

**रहली.** वार्ड नंबर-6 में आस्था और परंपरा का प्रतीक दो दिवसीय चंपा छठ मेला शुरू हो गया. लीला प्रजापति ने बताया कि 27 साल से यहां मेले का आयोजन निरंतर होता आ रहा है, मेले की विशेषता 7 भट्टी हैं, जो प्राकृतिक रूप से जमीन में खुदी हुई मानी जाती हैं. मान्यता है कि इन भट्टियों से होकर निकलने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं, खंडेराव दादा की कृपा सदैव उन पर बनी रहती है. पंडा रवि साहू ने बताया कि वे लगातार 25 साल से दो दिवसीय पूजा-अर्चना और कर्मकांड का निर्वहन कर रहे हैं. मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी, जहां भक्त आस्था के साथ पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना करते नजर आए.

# रक्तदान शिविर का समापन



नवभारत न्यूज

**सागर 27 नवम्बर. रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय रक्तदान शिविर में 570 लोगों ने रक्तदान किया है.**

समापन दिवस का शुभारंभ विश्वविजेता महिला क्रिकेट टीम की सदस्य क्रांति गौड़, रानी दुर्गावती विवि कुलगुरु डा. विनोद मिश्रा ने पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह की उपस्थिति में किया. क्रांति के पिता मुन्ना लाल गौड़ का भी अभिनंदन पूर्व गृहमंत्री श्री सिंह ने किया. युवा नेता अविराज सिंह ने बताया कि मेरे जन्मदिन 29 नवंबर की शाम 5 बजे से रक्तदान शिविर स्थल रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में आयोजित समारोह में संपूर्ण संग्रहीत रक्त जिला चिकित्सालय व बीएमसी के ब्लड बैंकों को सौंपा जाएगा.

# हॉरर फिल्म मयारा का पोस्टर और संगीत सागर में हुआ जारी

नवभारत न्यूज

**सागर 27 नवम्बर. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर में पहली हॉरर फिल्म मयारा की शूटिंग के पूर्व पोस्टर और संगीत लॉंच किया गया.**

सिविल लाइन स्थित एक रेस्टोरेंट में पूर्व विधायक सुनील जैन, सुधीर यादव, रविंद्र दुबे कक्का के द्वारा पोस्टर जारी किया गया. फिल्म मयारा (मृत्यु की यात्रा) की शूटिंग सागर के विभिन्न स्थानों पर होगी और अगले छह माह बाद थियेटर में बड़े पर्दे पर फिल्म दशर्कों को देखने को मिलेगी. फिल्म के लेखक और निर्देशक के. ताहिर हुसैन मराठी फिल्मों के हस्ताक्षर माने जाते हैं. उन्होने बताया कि लगभग ढाई करोड़ रुपए की लागत से हिंदी फिल्म का पहला पार्ट तैयार होगा. जिसकी सफलता के बाद ही फिल्म तेलगू, तमिल और मलयालम भाषा में तीन अन्य पार्ट तैयार होंगे. फिल्म की मुख्य भूमिका में सागर की ही सिमरन जैन हैं. फिल्म के निर्माता महाधव उपाध्ये एवं अकरम खान हैं. फिल्म पूरी कार्माशियल है. पूर्व विधायक श्री जैन ने कहा कि सागर के कलाकारों की हौसला अफजाई जरुरी है. सुधीर यादव ने कहा कि सागर का नाम हिंदुस्तान में रोशन होगा. फिल्म के अन्य कलाकारों में ज्योति, रंजना, शिवानी, पंकज रावत, हेमंत, प्रदीप सिंघई एवं राजेंद्र सिंह हैं. फिल्म मयारा एक गहन और संवेदनशील विषय पर आधारित है जिसकी कहानी दर्शकों एक अनोखी यात्रा पर ले जायेगी.

## रोडवेज बसों के संचालन को लेकर ज्ञापन

**ललितपुर.** उ.प्र. व्यापार मंडल युवा जिलाध्यक्ष अंकुर जैन सानू बाबा ने प्रभारी मंत्री दनिश आजाद अंसारी को पत्र सौंपकर ग्राम रोंडा में बनायी गयी ललितपुर बस डिपो का संचालन जल्द शुरू कराये जाने की मांग उठायी है. बताया कि रोड़ा बस डिपो पर शासन द्वारा लगभग 17 बसे स्वीकृत की गई है, लेकिन इसके बावजूद ना तो बस का संचालन शुरू किया और न ही डिपो संचालित हो सकी, जिले की बसें अन्य जनपदों में भेज दी जाती हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ती है. कहा कि इस मुद्दे कुछ समय पहले एमएलसी ने भी उठाया था, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. दूसरे जनपद जाने में परेशानी, व्यापारियों को परिवहन बाधाएँ आ रही है.

# अस्पताल निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने दवाओं का किया सत्यापन

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 27 नवम्बर. प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने स्वास्थ्य सेवाओं के भौतिक सत्यापन और उनकी बेहतरी के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया.**

इस दौरान उन्होंने प्रत्येक कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साथ ही मरीजों से उनका फीडबैक भी लिया. उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिये कि चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर उपचार के साथ-साथ साफ बेड, शौचालय, नि:शुल्क जांचे उपलब्ध करायी जायें, यदि किसी प्रकार के लेनदेन की शिकायतें मिली तो सम्बंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी.



निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबसे पहले महिला चिकित्सालय के पर्चा पंजीकरण काउंटर को देखा, यहां पर उन्होंने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के बारे में पूछा, जिस पर बताया गया कि अब क्यू आर कार्ड स्कैन करके भी पर्चा बनाया जा सकता है और खिड़कियों पर भी बनाया जाता है.

उन्होंने चर्म रोग ओपीडी का निरीक्षण किया, यहां पर चर्म रोग चिकित्सक डा.मुकेश सेठ मरीजों को देखते हुए पाये गए, मरीजों की पंजिका का अवलोकन करते हुए चिकित्सक से मरीजों के बारे में जानकारी ली गई, बताया गया कि आज 151 मरीज देखे गए हैं, प्रतिदिन लगभग 350 देखे जाते हैं. चिकित्सालय में 3 चर्म रोग चिकित्सक हैं.

इसके अलावा चिकित्सालय में अधिकतर दवाएं उपलब्ध हैं, शॉर्टेज होने पर जन औषधि केन्द्र से दवाएं दिलायी जाती हैं. निर्देश दिये गए मरीजों को बेहतर उपचार दिया जाए, साथ ही सभी को चिकित्सालय से ही दवाएं उपलब्ध करायी जाएं. प्रभारी मंत्री ने जनरल ओपीडी को निरीक्षण किया, यहां चिकित्सक के द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन लगभग 150 मरीज देखे जा रहे हैं.

# आशीर्वाद महाराज ने गिरिराज की महिमा बताई

नवभारत न्यूज

**रहली 27 नवम्बर. पूतना परमात्मा से मिलने के लिए गई अपने मन में छल कपट लेकर के तो भगवान ने पूतना मौसी को देखकर के अपने दोनों नेत्र बंद कर लिए सज्जनों यदि हम लोग भगवान के मंदिर में दर्शन करने के लिए जाते हैं और अगर हमारे मन में छल कपट है द्वैष ईर्ष्या है तो जैसे पूतना को देखकर के भगवान अपने दोनों नेत्र बंद कर लेते है.**



कथा के अंत में गिरिराज जी का पूजन किया गया. गिरिराज जी की महिमा आशीर्वाद महाराज द्वारा बताई गई कि भगवान ने नंदबाबा बृजवासियों से कहा कि हमारे सामने प्रत्यक्ष देवता यह संत ब्राह्मण गौमाता पर्वत बगीचे पेड़ पौधे सब देवता हैं इनकी पूजा करें.

उन्होने कहा कि अगर अध्यात्म दृष्टि से हम लोग देखे तो यहां कथा में जितने भी लोग बैठे हैं सब पूतना है.पूतना अपने स्तन में जहर लगा कर गई और हमारे इसतन काम क्रोध लोभ रूपी जहर लगे हुये है, पूतना का जहर कब खत्म हुआ जब पूतना परमात्मा की शरण में पहुंची है तो हमारे इसतन का भी जहर कब खत्म होगा जब हम लोग भी परमात्मा की शरण में जाएंगे . पूतना का अर्थ यही है पू मतलब पवित्र ,तना यानी नहीं जो पवित्र नहीं है वही तो पूतना है.

# आईएमए : जागरुकता कार्यक्रम




नवभारत न्यूज

**सागर 27 नवम्बर. आईएमए एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केसली में स्ट्रोक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया.**

शिविर में न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. दीपांशु दुबे ने स्ट्रोक के शुरुआती चेतावनी संकेतों की जानकारी दी. आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने कहा कि उच्च रक्तचाप स्ट्रोक का सबसे बड़ा नियंत्रित किया जा सकने वाला कारण है, इसके अलावा मधुमेह, अधिक कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान, शराब का अत्यधिक सेवन तथा निष्क्रिय जीवनशैली भी महत्वपूर्ण जोखिम कारक हैं. इस दौरान बीएमओ डॉ. मधुर जैन, डॉ. श्याम अग्रवाल सहित नर्सिंग स्टाफ, आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं.

## प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

**राहतगढ़.** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के सागर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने प्राचीन शिवालय मंदिर का छायाचित्र भेंटकर सम्मान किया. कार्यकर्ताओं ने जिले की सीमा, बावना पुल, मीरखेड़ी, ऐरन, बहादुरपुर, खुरई तिराहा, विदिशा तिराहा, मढ़ा मंदिर, भोपाल तिराहा, चौकी, बेरखेड़ी, मसूररहाई, मुगरयाउ तिराहा सहित अन्य जगह जगह कार्यकर्ताओं आतिशबाजी कर स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में निरंतर देश मजबूती से आगे बढ़ रहा है, कार्यकर्ता मोदी जी एवं भाजपा को मजबूत करें.